# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## पूरक/सम्पूरक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2021 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

### विज्ञप्ति संख्या - 26/2021

एतद् द्वारा वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2021 से संबंधित सभी छात्र/छात्राओं/अभिभावकों एवं विद्यालय/महाविद्यालय प्रधानों को सूचित किया जाता है कि मात्र इस वर्ष के लिए कोविड-19 से उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर विशेष परिस्थिति में झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा पूरक एवं सम्पूरक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में निम्नवत् कोटि के छात्र/छात्रा सम्मिलित हो सकेंगे:-

1. जो वार्षिक माध्यमिक/इंटरमीडिएट परीक्षा, 2021 में अनुत्तीर्ण हुए हों।
2. जो वार्षिक माध्यमिक/इंटरमीडिएट परीक्षा, 2021 के परीक्षाफल में असंतुष्ट हों।
3. जो छात्र/छात्रा, वार्षिक माध्यमिक/इंटरमीडिएट परीक्षा, 2021 के लिए पंजीकृत हुए हों तथा किसी कारणवश परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा नहीं कर पाये हों।
4. वैसे पूर्ववर्त्ती छात्र/छात्रा, जो वार्षिक माध्यमिक/इंटरमीडिए परीक्षा, 2021 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने से वंचित हो गये हों।

(A) **कण्डिका (1) एवं (2) से संबंधित छात्र/छात्राओं के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने संबंधी आवश्यक निर्देश:**

* परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से **दिनांक 07.08.2021 से 19.08.2021** तक परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा किया जा सकेगा।
* ऐसे छात्र/छात्राओं को किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं होगा।
* परीक्षाफल से असंतुष्ट छात्र/छात्राओं को इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए वार्षिक परीक्षा, 2021 का निर्गत प्रमाण पत्र (अंकपत्र/औपबंधिक प्रमाण/आदि) मूल रूप में परिषद् कार्यालय को समर्पित करना अनिवार्य होगा तथा इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि **"उनका वर्त्तमान में प्रकाशित परीक्षाफल निरस्त कर दिया जाय तथा पूरक/सम्पूरक परीक्षा, 2021 में उन्हें प्राप्त परीक्षाफल ही मान्य होगा।"**

(B) **कण्डिका(3)एवं (4) से संबंधित छात्र/छात्राओं के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने संबंधी आवश्यक निर्देश:**

* परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से परीक्षा आवेदन प्रपत्र निम्न कार्यक्रम के अनुसार जमा किया जा सकेगा।

**माध्यमिक/इंटरमीडिएट पूरक/सम्पूरक परीक्षा,2021**

| | इंटरमीडिएट परीक्षा हेतु | | माध्यमिक परीक्षा हेतु | |
|---|---|---|---|---|
| | ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने एवं चालान जेनरेट करने की तिथि | बैंक में चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने एवं चालान जेनरेट करने की तिथि | बैंक में चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि |
| विलम्ब शुल्क रहित | 07.08.2021 से 16.08.2021 तक | 19.08.2021 तक | 10.08.2021 से 16.08.2021 तक | 19.08.2021 तक |
| विलम्ब शुल्क सहित | 17.08.2021 से 19.08.2021 तक | 23.08.2021 तक | 17.08.2021 से 19.08.2021 तक | 23.08.2021 तक |

* इन छात्र/छात्राओं को परीक्षा से संबंधित निर्धारित शुल्क देय होगा।
* शुल्क संबंधी विवरणी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**सामान्य निर्देश**

(1) परीक्षा में सम्मिलित होने की विषयों की बाध्यता इस वर्ष के लिए समाप्त की जाती है।

(2) यह अवसर मात्र इस वर्ष के लिए विशेष परिस्थिति में ही प्रदान की जा रही है। इसे पूर्वोदाहरण नहीं बनाया जा सकता है।

विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधान से अनुरोध है कि वे परिषद् के वेबसाइट पर अपलोड की गई शर्त्तें, प्रक्रिया एवं शुल्क संबंधी निर्देश का अक्षरश: अनुपालन करते हुए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरना सुनिश्चित करें। वेबसाइट पर आवेदन प्रपत्र अपलोड कर दिया गया है। उक्त प्रपत्र को संबंधित छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराते हुए ससमय भरे हुए प्रपत्र प्राप्त कर लें ताकि ऑनलाइन प्रपत्र भरने हेतु समय की बचत हो सके। **ध्यातव्य कि किसी भी परिस्थिति में आवेदन प्रपत्र भरने एवं बैंक में शुल्क जमा करने की निर्धारित अवधि विस्तारित नहीं की जाएगी।**

**अध्यक्ष के आदेश से,**
**ह./- (महीप कुमार सिंह)**
**सचिव,**
**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**

JAC/गो./1958/21-SECY/430/21 Dt. 03.08.2021
D.O.P: 04.08.2021